प्रादेशिक समाचार
दिनांक–23.10.2025 (सुबह–0830 बजे)
मुख्य समाचार

1. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा– ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के बीच असाधारण तालमेल और एकजुटता का बना साक्षी, आज दिल्ली में नौसेना कमांडरों के अर्धवार्षिक सम्मेलन में होंगे शामिल।
2. घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में नामांकन पत्रों की जांच प्रक्रिया पूरी, 24 अक्टूबर तक नाम वापसी, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव पर आयोग का जोर।
3. मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कामयाबी, एनसीबी और सिमडेगा पुलिस ने ट्रक से चार क्विंटल से अधिक गांजा किया बरामद, एक गिरफ्तार।
4. छठ पर्व पर रेलवे अगले पाँच दिनों में डेढ़ हजार विशेष रेलगाडियां चलाएगां
5. रांची में 30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका वनडे क्रिकेट मैच, तैयारियों को लेकर जेएससीए और जिला प्रशासन ने की बैठक, विधि–व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था पर चर्चा।

****

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर तीनों सेनाओं के बीच असाधारण तालमेल और एकजुटता का साक्षी बना है। नई दिल्ली में एक पुस्तक विमोचन समारोह में उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर बदलती विश्व व्यवस्था और युद्ध के नए तरीकों की चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वित रणनीति तैयार करने के सरकार के संकल्प की भी पुष्टि करता है।

रक्षा मंत्री आज नई दिल्ली में नौसेना कमांडरों के अर्धवार्षिक सम्मेलन को संबोधित करेंगे। संबोधन के दौरान वे व्यापक राष्ट्रीय हितों और विकसित भारत–2047 का परिदृश्य प्रस्तुत करेंगे।

****

ग्यारह नवंबर को होने वाले घाटशिला उपचुनाव को लेकर नामांकन पत्रों की जांच की प्रक्रिया पूरी हो गई है। जिसमें चौदह पर्चे वैध पाए गए जबकि तीन को रद्द कर दिया गया। चुनाव आयोग के आदेश अनुसार 24 अक्टूबर तक नाम वापसी लिया जाएगा । रिटर्निंग अधिकारी सुनील चंद्र ने कहा कि प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए कृतसंकल्पित है

****

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस उत्सव की घोषणा की थी और यह 22 सितंबर से शुरू हुआ था। आज हमारे संवाददाता बता रहे है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में जीएसटी सुधारों से नागरिकों को कैसे मदद मिल रही है।

****

रेलवे छठ पर्व पर अगले पाँच दिनों में एक हजार पांच सौ विशेष रेलगाडियां चलाएगा। ये रेलगाडियां नियमित रेल सेवाओं के अतिरिक्त चलाई जाएँगी। रेलवे इस वर्ष छठ सहित सभी त्योहारों पर आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मज़बूत विशेष रेलगाड़ी सेवा चला रहा है।

****

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, रांची की जोनल यूनिट और सिमडेगा पुलिस ने कोलेबिरा थाना क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई भारी मात्रा में गांजा बरामद किया किया है। एन सी बी के बिहार– झारखंड प्रभारी अभिषेक आनंद और सिमडेगा के पुलिस अधीक्षक एम अर्शी ने बताया कि राउरकेला की तरफ से सिमडेगा के रास्ते एक ट्रक में छिपाकर चार क्विंटल से अधिक गांजा की तस्करी की जा रही थी। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

****

समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला योजना के तहत सिमडेगा जिले में कई कार्य किए जा रहे हैं।

****

रांची पुलिस ने कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा की पत्नी रिया सिन्हा सहित पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सिटी एसपी पारस राणा ने प्रेस वार्ता में बताया कि पूछताछ में कई अहम खुलासे हुए है जिसमें पाकिस्तान का भी लिंक सामने आया है। उन्होंने बताया कि सुजीत सिन्हा और प्रिंस खान गैंग के पास हथियार और गोली पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से पंजाब के रास्ते आता है, उसी हथियार से रांची सहित देश के विभिन्न स्थानों पर दहशत फैलाकर रंगदारी की वसूली करते हैं। जेल के बाहर सुजीत सिन्हा की पत्नी रिया सिन्हा इस खतरनाक गठजोड़ वाले गैंग को संभाल रही थी।

****

राज्य भर में छठ पर्व की तैयारियां जोरों पर है। हजारीबाग जिले में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह और पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने वेबिनार के माध्यम से जिले के सभी प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की । इसमें छठ पर्व के दौरान आमजन की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर विस्तृत दिशा–निर्देश दिए गए। इधर जमशेदपर में भी नदियों और घाटों की तेज़ी से सफाई हो रही है । जमशेदपुर अक्षेस और जुस्को की ओर से स्वर्णरेखा नदी में इन दिनों व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों ने श्रद्धालुओं और आम लोगों से अपील की है कि पूजा सामग्री को सीधे नदी में न डालें, बल्कि निर्धारित कुंड में ही विसर्जित करें।

****

30 नवंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच जेएससीए स्टेडियम राँची में होने वाले वनडे क्रिकेट मैच को लेकर जे.एस.सी.ए के पदाधिकारियों और राँची जिला प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण बैठक हुई।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित विभिन्न अखबारों ने घाटशिला उपचुनाव और बिहार चुनाव से जुड़ी खबरों को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है घाटशिला उपचुनाव, तीन नामांकन रद्द, अब 14 प्रत्याशी चुनाव मैदान में।

प्रभात खबर की सुर्खी है – सीएनआई के नये मॉडरेटर बने बिशप पारितोष ।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं – देश में एआई से फर्जीवाड़े पर रोक लगाने की तैयारी।

दैनिक जागरण ने लिखा है – डीपफेक या एआई निर्मित वीडियो ऑडियो की बतानी होगी पहचान।

****